Title : Regarding need for conversion of metre gauge rail line between Botad and Ahmedabad into broad gauge.

(ix) Need for conversion of metre gauge rail line

between Botad and Ahmedabad into broad gauge

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में बोटाद से अहमदाबाद तक जो मीटर गेज लाइन है उसे ब्रॉडगेज लाइन में परिवर्तित कराने हेतु मैं वर्ष 1989 से लगातार मांग करता आ रहा हूं। इस रेल मार्ग में ब्रॉडगेज न होने के कारण सौराष्ट्र के लोगों को अहमदाबाद के लिए बोटाद से सुरेन्द्रनगर होकर आना पड़ता है। जिससे अधिक धन खर्च होने के साथ-साथ उनका समय भी व्यय होता है तथा इस रूट के मध्य पड़ने वाले स्टेशनों के लोगों को ब्रॉडगेज का लाभ न मिलने के कारण लोगों में बहुत रोष व्याप्त है क्योंकि नियमित अप-डाऊन करने वाले यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

माननीय रेल मंत्री जी से मेरी पुरजोर मांग है कि वे बोटाद से अहमदाबाद तक की मीटर गेज लाइन को ब्रॉडगेज लाइन में परिवर्तित कराने के अविलम्ब आदेश प्रदान कराएं तथा बिरमगाम से महसाणा की ब्रॉड गेज़ लाइन पर यात्री रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ायी जाए।